प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर का आज किया उद्घाटन : ट्रेन में यात्रा कर स्कूली बच्चों से की बातचीत।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि : कहा– कल्याण सिंह की प्रशासनिक दक्षता से मिली प्रदेश की राजनीति को नई दिशा।
3. नीट पीजी के लिये तीसरे चरण की काउंसिलिंग सात जनवरी से होगी शुरू।
4. महाकुंभ के मद्देनजर प्रदेश में पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर लगी रोक : महाकुंभ मेला की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा आदेश। और
5. प्रदेश में कोहरे और शीतलहर का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर कल बारिश का जताया पूर्वानुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच 46 अरब रूपए की लागत से तैयार किए गए तेरह किलोमीटर लंबे दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने

साहिबाबाद, आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर, आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और ट्रेन में मौजूद स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचोत भी की। गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि नमो भारत ट्रेन के संचालन से दिल्ली और गाजियाबाद की दूरी काफी कम हो जायेगी। बाइट.....

*दिल्ली और गाजियाबाद की दूरी समाप्त हुई, जो लोक दिल्ली में रहते है वो लोग भी अच्छे वातावरण की तलाश में गाजियाबाद आ करके अपने कुटी उद्योग लगा रहे, फैक्ट्रियां लगा रहे और जो लोग गाजियाबाद रहते है और दिल्ली जाने के काम करते है उन लोगों के लिये ये ट्रेन एक वरदान साबित होगी।*

नमो भारत ट्रेन के नये कॉरिडोर के उद्‌घाटन के साथ ही इस रूट पर ट्रेन का संचालन आज शाम 5 बजे से जनता के लिये शुरू हो गया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*नमो भारत कॉरिडोर के नये सेक्शन के उद्‌घाटन के बाद दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी आसान हो जायेगी। साहिबाबाद और मेरठ के बीच 13 किलोमीटर लम्बे नमो भारत कॉरिडोर का आज उद्‌घाटन के साथ ही अब इस रूट पर परिचालन 55 किलोमीटर तक बढ़ जायेगा। इसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। सरकार द्वारा आम जनता के लिये यह एक बहुत बड़ा तोहफा है, जो सफर कभी घंटों में तय हुआ करता था, वह अब कुछ ही मिनटों में पूरा कर लिया जायेगा। मनोज कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, गाजियाबाद।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रामजन्म भूमि आन्दोलन

और उसके बाद प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने तथा प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिये कल्याण सिंह के द्वारा 1990 के दशक के प्रारम्भ और उत्तर्राद्ध में जो प्रयास शुरू किये गये थे वह नये उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कभी सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। बाइट......

*अक्सर होता है कि लोग सत्ता के लिये सिद्धांतों को तिलांजलि दे देते है कुछ प्राप्त करने के लिये मूल्यों के साथ समझौता करते है। लेकिन एक ऐसा व्यक्तित्व भी था जिन्होंने मूल्यों और सिद्धांतों के साथ कोई समझौता कभी नहीं किया। श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के दौरान और उसके उपरांत भी प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देने प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिये उनके द्वारा 1990 के दशक में प्रारम्भ में और उसके उत्तरार्ध में भी जो प्रमाण प्रारम्भ किये गये थे वह एक नये उत्तर प्रदेश का दर्शन कराता है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण सिंह ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये अपनी सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता के कारण ही आज अयोध्या में रामजन्म भूमि भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के जनजातीय युवकों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय संस्कृति ने भारत के ज्ञान

विज्ञान की धरोहर को संजो कर विपरोत परिस्थितियों में उसे आगे बढ़ाने का काम किया। बाइट......

*अपनी परम्परा के प्रति अपनी संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति होना श्रद्धा और सम्मान का भाव होना और अपने देश के प्रति पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा का भाव होना यही हमें आगे बढ़ने के लिये एक नई प्रेरणा प्रदान करता है और उत्तर प्रदेश के अन्दर आप लोगों का प्रशिक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि आपको नजदीक से उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा को देखने का अवकसर प्राप्त हो रहा है। 25 करोड़ की आबादी है लेकिन कहीं कोई अव्यवस्था नहीं।*

——————————

अयोध्या के राम मंदिर में श्री रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन किया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय नेबताया कि 11 जनवरी को पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे। इसके बाद श्री योगी अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उसी दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोनू निगम, शंकर महादेवन व मालिनी अवस्थी समेत कई मशहूर कलाकारों के द्वारा गाया गया भजन भी रिलीज किया जाएगा। ।

——————————

प्रदेश के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी में दाखिला लेने के लिये तीसरे चरण की काउंसिलिंग 7 जनवरी से शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय के आदेश के मुताबिक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। इसके बाद च्वाइंस फिलिंग 8 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 10 जनवरी शाम पांच बजे तक किया जा सकेगा। पीजी के लिये सीट आवंटन 13 जनवरी को होगा और 15 से 18 जनवरी के बीच आवंटन पत्र डाउनलोड करके मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लिया जा सकेगा।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने महाकुंभ 2025 को देखते हुए राज्य में सभी पुलिस कर्मियों की

छुट्टियों पर रोक लगा दी है। इस संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश जारी किया गया है। यह आदेश महाकुंभ मेला की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। हालांकि आदेश में यह भी कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में सक्षम स्तर के अधिकारी से अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

——————

प्रयागराज रेल मण्डल ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए गये हैं। इन ऑब्जर्वेशन रूम में विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। एक रिपोर्ट......

*महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे ने आपात स्थित से निपटने और यात्रियों को जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम बनाये हैं। इस बारे में प्रयागराज रेल मण्डल के चीफ पीआरओ शशि कान्त ने बताया कि रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, सुबेदारगंज, नैनी और छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं इन ऑब्जर्वेशन रूम में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ 24 घंटे मौजूद रहेंगे, जो 8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम में सभी जरूरी उपकरण और दवाईयां उपलब्ध रहेंगी। सर्दी के मौसम, भीड़ और अधिक चलने से हार्ट, साइनस और डायबटीज के मरीजों को होने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिक इलाज यंहा किया जा सकेगा। समस्या गंभीर होने की स्थिति में रेलवे या शहर के अन्य अस्पतालों*

*में मरीजो को पहुंचाने के लिए एबुंलेंस सेवा भी उपल्ब्ध रहेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

————————

टीबी के मरीजों की पहचान व इलाज करने में उत्तर प्रदेश 2024 में भी अव्वल रहा है। प्रदेश में पिछले साल साढ़े छह लाख मरीजों के चिन्हिकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 6 लाख 73 हजार स अधिक मरीजों की पहचान की गई, जा एक रिकार्ड है। इन सभी टीबी मरीजों का इलाज शुरू हो चुका है। राज्य टीबी अधिकारी डॉ शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि हर माह की 15 तारीख को चलाये जा रहे एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान की मदद से ज्यादा से ज्यादा टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोजने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेशभर में 100 दिवसोय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है।

————————

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान प्रदेश में और ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग लखनऊ केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है जबकि प्रदेश के बाकी स्थानों पर

मौसम शुष्क बना रहेगा। 7 जनवरी से तापमान में फिर से गिरावट होगी और घने कोहरे की संभावना है। बाइट.....

*पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव प्रदेश में पहुंचने के साथ ही पिछले 4 घंटों के दौरान प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। परन्तु इसके साथ ही द्रौणिय अरब सागर में काफी दक्षिण तक जाने के कारण मध्य वायुमंडल में आ रही नमी के प्रभाव से बने मध्यवर्ती एवं ऊपरी बादलों के कारण प्रदेश में शीतलहर की स्थिति आज भी देखी गई। पश्चिमी विक्षोभ से आने वाले दिनों 6 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कहीं कहीं बारिश होने तथा प्रदेश के अन्य भागों में मौसम शुष्क रहने धूप निकलने के साथ ही न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।*

(समाप्त)